दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 264 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

वीरवार
11 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

## अनमोल वचन

"दिन-रात अपने दिमाग को, उच्चकोटि के विचारो से भरो। जो फल प्राप्त होगा वह निश्चित ही अदभूत होगा।"

## आज का तापमान

अधिकतम -38 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम -25 डिग्री सेल्सियस
सूर्य अस्त(आज) -7:18
सूर्य उदय(कल) - 5:22

## संक्षिप्त न्यूज

### फिल्म निर्माता, अभिनेता और निर्देशक, भारती राजा का चेन्नई में निधन



चेन्नई । लोकप्रिय फिल्म निर्माता, अभिनेता और निर्देशक, भारती राजा का बुधवार को चेन्नई में निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। वे काफी समय से बीमार थे। उन्हें छह राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, चार फिल्मफेयर और छह तमिलनाडु फिल्म पुरस्कार मिले। उनकी अधिकांश फिल्मों का संगीत निर्देशन संगीतकार इलैयाराजा ने किया था। वे तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ फिल्मों में भी लोकप्रिय रहे। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने चेन्नई स्थित उनके आवास पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### टीएमसी सांसद सुष्मिता देव ने राज्यसभा से इस्तीफा दिया



असम (एजेंसी)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद सुष्मिता देव ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राज्यसभा अध्यक्ष सी पी राधाकृष्णन को त्यागपत्र भेजा है। इस्तीफे के बाद उन्होंने नई दिल्ली में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से मुलाकात की। इससे पहले, सोमवार को तृणमूल के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य सुखेन्दु शेखर राय ने राज्यसभा और पार्टी दोनों से इस्तीफा दे दिया था।

# पीएम मोदी को देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर दुनिया भर से मिल रहीं बधाई संदेश



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर दुनिया भर से बधाई संदेश आ रहे हैं। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में भारत चांद पर पहुंच गया और अब वह आसमान की ऊंचाइयों को छूने का लक्ष्य बना रहा है। उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के बीच सहयोग को मजबूत करने के प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद भी दिया।

इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने दोनों देशों के लोगों के लिए नए अवसर पैदा करने में प्रधानमंत्री मोदी के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी की वर्षो की समर्पित सेवा और नेतृत्व को दर्शाती है। उन्होंने भारत और साइप्रस के बीच संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने श्री मोदी को बधाई दी और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उनके साथ काम जारी रखने की इच्छा व्यक्त की।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने अपनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वर्षो से भारत की आर्थिक और विकासात्मक प्रगति का मार्गदर्शन किया है और भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबॉट ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में भारत ने बुनियादी ढांचे, सूचना प्रौद्योगिकी, बिजली और स्वच्छता के क्षेत्र में काफी सुधार किया है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें एक सच्चा राजनेता बताया, जिन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था और विश्व में इसकी प्रतिष्ठा को बदल दिया है।

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायका, पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे और त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला पर्सद-बिसेसर ने भी प्रधानमंत्री मोदी के परिवर्तनकारी शासन, ग्लोबल साउथ के लिए उनके प्रयासों और समावेशी एवं आर्थिक रूप से गतिशील भारत के उनके दृष्टिकोण की सराहना की। भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो कौसिनो ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने अर्थव्यवस्था के आधुनिकीकरण में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि न केवल प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की अवधि को, बल्कि उनकी सेवाओं के प्रभाव को भी पहचानने का अवसर है। नेपाल की सत्ताधारी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रबी लामिछाने ने भी अपनी शुभकामनाएं देते हुए इस उपलब्धि को एक उल्लेखनीय उपलब्धि बताया।

प्रधानमंत्री मोदी आज भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं, उन्होंने केंद्र सरकार के प्रमुख के रूप में 12 वर्ष पूरे कर लिए हैं। उन्होंने निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में 4 हजार 399 दिनों के कार्यकाल के साथ पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

## रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए उन्नत क्षमता के जीएनएसएस जैमर की खरीद के लिए हस्ताक्षर किए




नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्रालय ने आज भारतीय नौसेना के लिए उन्नत क्षमता के 20 ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम-जीएनएसएस जैमर की खरीद के लिए 449 करोड़ रूपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जिसमें न्यूनतम 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री शामिल है।

स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण श्रेणी के तहत इस अनुबंध पर नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर हुए।

मंत्रालय के अनुसार यह प्रणाली उपग्रह सिग्नल अधिग्रहण और ट्रैकिंग को बाधित करके और सिग्नल स्पूफिंग तथा भ्रामक जैमिंग करके दुश्मन के जीएनएसएस रिसीवर के प्रदर्शन को कम करने में सक्षम है। इन प्रणालियों के शामिल होने से अधिक जोखिम के वातावरण में भारतीय नौसेना के जहाजों की संचालन सुरक्षा में वृद्धि होगी।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि यह अनुबंध आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहलों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और देश की समुद्री सुरक्षा संरचना को मजबूत करता है। यह रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियों के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## नासा ने आर्टेमिस तृतीय मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्रियों के नाम घोषित किए



नई दिल्ली (एजेंसी)। नासा ने अगले साल के अंत में होने वाले अपने अगले आर्टेमिस तृतीय मिशन के लिए तीन अमरीकी अंतरिक्ष यात्रियों और एक इतालवी अंतरिक्ष यात्री के नाम घोषित किए हैं। यह मिशन स्पेसएक्स और ब्लू ओरिजिन के चंद्रयानों का पहली बार कक्षा में परीक्षण करेगा। अमरीकी अंतरिक्ष यात्री आंद्रे डगलस, फ्रैंक रूबियो और रैंडी ब्रेसनिक तथा यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के इतालवी अंतरिक्ष यात्री लुका परमिटानो आर्टेमिस तृतीय के चालक दल में शामिल होंगे।

चार सदस्यीय यह मिशन एलन मस्क की स्पेसएक्स और जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन के चंद्रयानों का पहली बार अंतरिक्ष में परीक्षण करेगा, जिसमें एक-एक करके नाजुक डॉकिंग का प्रदर्शन किया जाएगा। ह्यूस्टन में आयोजित एक समारोह में, नासा के प्रशासक जेरेड आइजेकमान ने घोषणा की कि अनुभवी अंतरिक्ष यात्री रैंडी ब्रेसनिक कमांडर के रूप में, आंद्रे डगलस और फ्रैंक रूबियो मिशन विशेषज्ञ के रूप में तथा यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के लुका परमिटानो पायलट के रूप में कार्य करेंगे। नासा के अंतरिक्ष यात्री बॉब हाइन्स को बैकअप चालक दल के सदस्य के रूप में नामित किया गया है और वे मुख्य चालक दल के साथ प्रशिक्षण लेंगे।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री मोदी को देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने पर बधाई दी



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री नरेन्द्र मोदी को देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर देश की जनता का उनके नेतृत्व में अटूट विश्वास और भरोसे का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के कार्यकाल में शासन, आर्थिक दृढ़ता और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में दूरगामी प्रगति हुई है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि सरकार की व्यापक कल्याणकारी पहलों से लोगों को जमीनी स्तर पर लाभ मिल रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू किए गए पीएम-जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान उनके दिल में विशेष स्थान रखते हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि श्री मोदी की प्रेरणादायक यात्रा ने देश की मजबूत लोकतांत्रिक परंपराओं में आशा और विश्वास की नई किरण जगाई है और यह यात्रा अनवरत जारी है।

## केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा- देश में सीएनजी की कोई कमी नहीं



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज कहा कि देश में सीएनजी की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार घरों तक पाइप वाली प्राकृतिक गैस द पीएनजी की आपूर्ति बढ़ा रही है। श्री पुरी ने कहा कि एलपीजी कनेक्शनों को पीएनजी कनेक्शनों में बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग गलत सूचना फैलाकर वैश्विक स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। श्री पुरी ने कहा कि सरकार ऐसी गतिविधियों के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई कर रही है।

# नागालैंड सीएम ने मणिपुर में बंधकों की रिहाई पर राहत जताई



नागालैंड(एजेंसी)। नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने यूनाइटेड नागा काउंसिल और नागा नागरिक समाज संगठनों द्वारा कुकी बंधकों की सुरक्षित रिहाई का स्वागत किया है। मणिपुर के सेनापति जिले में सशस्त्र समूहों द्वारा अपहरण किए जाने के लगभग एक महीने बाद आज बंधकों को रिहा कर दिया गया।

श्री रियो ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने नागा नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ कई बार बातचीत की थी और मानवीय आधार पर बंधकों की रिहाई के लिए औपचारिक अपील भी की थी।

# पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के मुजफ्फराबाद के पास पाकिस्तानी सेना का एमआई-17 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त



जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के मुजफ्फराबाद के पास उड़ान भरते समय पाकिस्तानी सेना का एमआई-17 हेलीकॉप्टर आज तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सेना ने बताया कि दुर्घटना में विमान में सवार सभी सैनिकों की मौत हो गई।

राहत और बचाव दल दुर्घटनास्थल पर भेजे गए हैं। दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चला है।

# अमरीकी हमलों के जवाब में ईरान ने जॉर्डन में अमरीकी अड्डे और खाड़ी में 21 अन्य ठिकानों पर हमले किए



ईरान(एजेंसी)। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास अमरीकी हमलों के जवाब में आज जॉर्डन में एक अमरीकी अड्डे और खाड़ी में 21 अन्य ठिकानों पर हमले किए। ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थित केशम द्वीप और सिरिक बंदरगाह शहर पर हमला किया गया।

इस बीच, जॉर्डन के सशस्त्र बलों ने भी हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने ईरान से अल-अजराक की ओर दागी गई पांच मिसाइलों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। अप्रैल में दोनों देशों के बीच हुए युद्धविराम समझौते के बाद ये बड़ी झड़प है।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बने रहने पर बधाई दी



श्रीलंका(एजेंसी)। के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बने रहने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि श्रीलंका, भारत के साथ साझेदारी को महत्व देता है। श्री दिसानायके ने विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर सहयोग को और गहरा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। श्रीलंका ने पिछले वर्ष प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान, मित्र विभूषण से सम्मानित किया था।

# हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने अपने पद से दिया इस्तीफा



हरियाणा(एजेंसी)। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे में पिछले कार्यकाल का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ आयोग की अध्यक्ष के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

त्यागपत्र में उन्होंने स्पष्ट किया कि वह स्वेच्छा से अपने पद से इस्तीफा दे रही हैं और सरकार से इसे स्वीकार करने का अनुरोध किया है।

श्रीमति रेणु भाटिया की ओर से कुरुक्षेत्र में एक मामले को लेकर अस्पताल के नीरीक्षण के दौरान नर्सिंग अधिकारियों पर की गई टिप्पणी से देशभर के नर्सिंग अधिकारी उनके विरोध में उतर आए थे। कुरूक्षेत्र अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ ने सोमवार को दो घंटे हड़ताल की थी। हरियाणा नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने भी कल 10 से 12 बजे तक पेन डाउन हड़ताल की थी।

## उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस कार्यालय परिसर में पौधारोपण और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।




जीत समाचार हरियाणा। शिविर में 25 उत्साही युवाओं ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया।

पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए परिसर में फलदार व छायादार पौधे लगाए गए।

रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने फर्स्ट-एड की ट्रेनिंग ले रहे छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहाकृ८अगर पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तो जीवन सुरक्षित रहेगा।८ उन्होंने हर नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने और उसका पालन-पोषण करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर राजपाल चौधरी, प्रदीप कुमार नंदा सहित रेडक्रॉस के तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। आइए, हम सब भी अपने आस-पास एक पौधा लगाने का संकल्प लें!




## सरकार के 12 वर्षों के विकास और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाएगा विशेष अभियान



जीत समाचार हरियाणा। एडीसी डॉ. राहुल रईया ने जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और ऐतिहासिक उपलब्धियों को आमजन तक पहुँचाने के लिए 20 जून तक विशेष प्रचार एवं जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

जन कल्याण शिविर व प्रदर्शनियांरू केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनियां और रोजगार मेले लगाए जाएंगे।

जनप्रतिनिधियों का दौरारू सांसद प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक दिन व्यतीत कर पौधारोपण और स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनेंगे।

जागरूकता कार्यक्रमरू कृषि व बागवानी विभाग द्वारा श्प्राकृतिक खेतीश् पर व्याख्यान और पशुपालन विभाग द्वारा श्पशु मेलाश् आयोजित किया जाएगा।

युवाओं की भागीदारीरू शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा श्विकसित भारत संकल्प सम्मेलनश् का आयोजन होगा।

## बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल भवन में 30 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा




जीत समाचार हरियाणा (ब्यूरों)। बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनकी छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल भवन में 30 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

5 से 14 वर्ष के बच्चों को एक्सपर्ट्स द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट, योग, डांस और अबेकस सिखाया जा रहा है।

बाल संरक्षण अधिकारी गुरमीत डाबरा ने बच्चों को श्गुड टच-बैड टचश् और चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) के बारे में जागरूक किया। साथ ही बच्चों को मेडिटेशन व मंत्रोच्चारण भी सिखाया गया।

जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी ने बताया कि झुग्गी-झोपड़ियों और सरकारी स्कूलों के बच्चों को भी इसमें अपनी प्रतिभा संवारने का मुफ्त मौका मिल रहा है।

शिविर में श्री अग्रकुल सेवा संस्था की ओर से बच्चों के लिए अल्पाहार और शरबत की छबील का भी प्रबंध किया गया। अभिभावकों से अपील है कि बच्चों को इस कैंप का हिस्सा जरूर बनाएं!

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com वीरवार, 11 जून 2026

# संपादकीयः संपादक की कलम से

## "चिट्टा" एक धीमा जहर और तस्करी का जाल

आज के दौर में 'चिट्टा' (सिंथेटिक ड्रगध्हेरोइन का एक प्रकार) न केवल हमारे समाज, बल्कि युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए भी एक गंभीर खतरा बनकर उभरा है। यह नशा जितनी तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है, उतनी ही तेजी से इसकी तस्करी का नेटवर्क भी फैल रहा है।

**तस्करी का संगठित जाल**

चिट्टा तस्करी का नेटवर्क बहुत ही सुनियोजित तरीके से काम करता है। इसके मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं।

आपूर्ति श्रृंखला : इस नेटवर्क की जड़ें अक्सर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से जुड़ी होती हैं। यह नशा पड़ोसी देशों के रास्ते तस्करी होकर आता है और फिर बड़े तस्करों के माध्यम से छोटे डीलरों तक पहुँचता है।

सक्रियता का तरीकारू तस्कर अक्सर नए-नए रास्ते अपनाते हैं। वे युवाओं को, विशेषकर जो बेरोजगार हैं, आसानी से पैसे कमाने का लालच देकर अपना 'कूरियर' बना लेते हैं।

तकनीक का इस्तेमालः आजकल तस्कर सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स का उपयोग कर रहे हैं, जिससे पुलिस की पकड़ से बचना उनके लिए आसान हो जाता है।

**युवाओं पर प्रभाव**

चिट्टा अन्य नशों की तुलना में अधिक घातक है क्योंकि यह बहुत कम मात्रा में भी मस्तिष्क और शरीर पर गहरा प्रभाव डालता है। इसके शिकार हुए युवा न केवल अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमता खो बैठते हैं, बल्कि नशे की लत को पूरा करने के लिए वे चोरी, छीना-झपटी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल होने लगते हैं।

**चुनौती और समाधान**

चिट्टा तस्करी को रोकने के लिए केवल पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

कड़ी निगरानीरू पुलिस और खुफिया एजेंसियों को सीमाओं के साथ-साथ उन क्षेत्रों पर भी पैनी नजर रखने की जरूरत है जहाँ संदिग्ध गतिविधियाँ देखी जाती हैं।

जागरूकता अभियानरू स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक स्तर पर नशे के प्रति जागरूकता फैलाना अनिवार्य है। युवाओं को यह समझाना होगा कि एक बार का सेवन भी जीवन भर की बर्बादी बन सकता है।

नशा मुक्ति केंद्ररू ऐसे केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ानी होगी जहाँ पीड़ित युवाओं को सम्मानजनक तरीके से सही उपचार और परामर्श मिल सके।

सामाजिक भागीदारीरू समाज को सतर्क रहना होगा। यदि कहीं भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

**निष्कर्ष**

चिट्टा का कारोबार समाज के भीतर एक ऐसा दीमक है जो आने वाली पीढ़ी को खोखला कर रहा है। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि यह केवल एक कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि एक मानवीय संकट है। जब तक समाज, प्रशासन और परिवार एकजुट होकर इस नेटवर्क के खिलाफ खड़े नहीं होंगे, तब तक इस खतरे को पूरी तरह समाप्त करना कठिन है।

-कमल पवार

# सम्पादकीय

## एकता का बल

एक समय की बात हैं कि कबूतरों का एक दल आसमान में भोजन की तलाश में उडता हुआ जा रहा था। गलती से वह दल भटककर ऐसे प्रदेश के ऊपर से गुजरा, जहां भयंकर अकाल पडा था। कबूतरों का सरदार चिंतित था। कबूतरों के शरीर की शक्ति समाप्त होती जा रही थी। शीघ्र ही कुछ दाना मिलना जरूरी था। दल का युवा कबूतर सबसे नीचे उड रहा था। भोजन नजर आने पर उसे ही बाकी दल को सुचित करना था। बहुत समय उडने के बाद कहीं वह सूखाग्रस्त क्षेत्र से बाहर आया। नीचे हरियाली नजर आने लगी तो भोजन मिलने की उम्मीद बनी। युवा कबूतर और नीचे उडान भरने लगा। तभी उसे नीचे खेत में बहुत सारा अन्न बिखरा नजर आया "चाचा, नीचे एक खेत में बहुत सारा दाना बिखरा पडा हैं। हम सबका पेट भर जाएगा।'

सरदार ने सूचना पाते ही कबूतरों को नीचे उतरकर खेत में बिखरा दाना चुनने का आदेश दिया। सारा दल नीचे उतरा और दाना चुनने लगा। वास्तव में वह दाना पक्षी पकडने वाले एक बहलिए ने बिखेर रखा था। ऊपर पेड पर तना था उसका जाल। जैसे ही कबूतर दल दाना चुगने लगा, जाल उन पर आ गिरा। सारे कबूतर फंस गए।

कबूतरों के सरदार ने माथा पीटा "ओह! यह तो हमें फंसाने के लिए फैलाया गया जाल था। भूख ने मेरी अक्ल पर पर्दा डाल दिया था। मुझे सोचना चाहिए था कि इतना अन्न बिखरा होने का कोई मतलब हैं। अब पछताए होत क्या, जब चिडिया चुग गई खेत?"

एक कबूतर रोने लगा "हम सब मारे जाएंगे"

बाकी कबूतर तो हिम्मत हार बैठे थे, पर सरदार गहरी सोच में डूबा था। एकाएक उसने कहा "सुनो, जाल मजबूत हैं यह ठीक हैं, पर इसमें इतनी भी शक्ति नहीं कि एकता की शक्ति को हरा सके। हम अपनी सारी शक्ति को जोडे तो मौत के मुंह में जाने से बच सकते हैं।"

युवा कबूतर फडफडाया "चाचा! साफ-साफ बताओ तुम क्या कहना चाहते हो। जाल ने हमें तोड रखा हैं, शक्ति कैसे जोडे?"

सरदार बोला "तुम सब चोंच से जाल को पकडो, फिर जब मैं फुर्र कहूं तो एक साथ जोर लगाकर उडना।"

सबने ऐसा ही किया। तभी जाल बिछाने वाला बहेलियां आता नजर आया। जाल में कबूतर को फंसा देख उसकी आंखें चमकी। हाथ में पकडा डंडा उसने मजबूती से पकडा व जाल की ओर दौडा।

बहेलिया जाल से कुछ ही दूर था कि कबूतरों का सरदार बोला "फुर्रर्रर!"

सारे कबूतर एक साथ जोर लगाकर उडे तो पूरा जाल हवा में ऊपर उठा और सारे कबूतर जाल को लेकर ही उडने लगे। कबूतरों को जाल सहित उडते देखकर बहेलिया अवाक रह गया। कुछ संभला तो जाल के पीछे दौडने लगा। कबूतर सरदार ने बहेलिए को नीचे जाल के पीछे दौडते पाया तो उसका इरादा समझ गया। सरदार भी जानता था कि अधिक देर तक कबूतर दल के लिए जाल सहित उडते रहना संभव न होगा। पर सरदार के पास इसका उपाय था। निकट ही एक पहाडी पर बिल बनाकर उसका एक चूहा मित्र रहता था। सरदार ने कबूतरों को तेजी से उस पहाडी की ओर उडने का आदेश दिया। पहाडी पर पहुंचते ही सरदार का संकेत पाकर जाल समेत कबूतर चूहे के बिल के निकट उतरे।

सरदार ने मित्र चूहे को आवाज दी। सरदार ने संक्षेप में चूहे को सारी घटना बताई और जाल काटकर उन्हें आजाद करने के लिए कहा। कुछ ही देर में चूहे ने वह जाल काट दिया। सरदार ने अपने मित्र चूहे को धन्यवाद दिया और सारा कबूतर दल आकाश की ओर आजादी की उडान भरने लगा।

**सीखः** एकजुट होकर बडी से बडी विपत्ति का सामना किया जा सकता हैं।

जय श्री गणेश

# जीत समाचार राशिफल

वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिऐ आप सम्पर्क कर सकते हैं. पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'

दिनांक : 11 जून 2026, वीरवार

## आज का राशिफल

### आज का पंचांग

तिथि एकादशी 10:39 पीएम नक्षत्र : रेवती. 08:17 एएम
करण : बव. 11: 55 एएम बालव : 10: 39 पीएम
पक्ष : कृष्ण. योग : शोभन 00: 59 एएम
राहुकाल 14: 05 - 15: 49 विक्रमी संवतम् 2083
शक सम्वत : 1948( पराभव) मास अमांतः ज्येष्ठ( अधिक)
मास पूर्णिमांत : ज्येष्ठ ( अधिक)

### मेष राशि
अच्छा व्यवहार आप के व्यक्तित्व को और निखार सकता है. परिश्रम का फल पूर्ण रूप से मिलेगा.

### वृषभ राशि
किसी सफेद वस्तु का दान करें. धन लाभ होगा. आत्मसम्मान में वृद्धि होगी. संतान से शुभ समाचार मिलेंगे. परिवारिक कार्य में भागदौड़ रहेगी.

### मिथुन राशि
संपति के बड़े सौदे लाभदायक रहेंगे. आप की समझ और अनुभव से भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. घर के बुजुर्गो को समय दें.

### कर्क राशि
दिन की शुरुआत में स्वभाव गरम रहेगा. दिनचर्या को बदलें. अपने करीबी लोगों से आज धोखा मिलने की पूरी संभावना है. व्यय वृद्धि संभव है.

### सिंह राशि
अपने कपड़े रहन सहन इन सब के अलावा अपने व्यवहार पर भी ध्यान दें. कुछ लोग आप से नाराज हैं.

### कन्या राशि
परिजनों का स्वास्थ्य नरम रह सकता है. लंबे समय से चले आ रहे लंबित कार्यो को आज गति मिलेगी. प्रतिष्ठा वृद्धि होगी. वाणी पर नियंत्रण अति आवश्यक है.

### तुला राशि
अपने काम पर ध्यान दें. दूसरों की निंदा करने से बचें. धार्मिक लाभ मिलेगा. राजकीय सहयोग से कार्यसिद्धि होगी. व्यावसायिक यात्रा व भूमि निवेश लाभदायक रहेंगे.

### वृश्चिक राशि
किसी बड़े प्रोजेक्ट की रूपरेखा बनेगी. दुकान मकान के विवाद आपसी समझोते से हल होंगे. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें. वादविवाद से बचें.

### धनु राशि
थोड़ा समय अपने परिवार को दें. प्रेम-प्रसंग में सावधानी रखें. अन्यथा मान सम्मान को ठेस लग सकती है. कारोबार की बाधा दूर होकर कार्यसिद्धि होगी.

### मकर राशि
परिवार के आयोजनों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे. जीवनसाथी के साथ गलतफहमी के कारण विवाद संभव है. संपत्ति के बड़े सौदे संभव हैं.

### कुम्भ राशि
कम समय में काम को पूरा करने की कोशिश कामयाब होगी. आज किसी असहाय की मदद जरूर करें.

### मीन राशि
दिन की शुरुआत नए संकल्पों से होगी. परिवारजनों के साथ किसी आयोजन में शामिल होंगे. जीतना हो सके उतना विवादों को टालें.

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, बालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

**जीत समाचार**
सच की जीत

# EXCLUSIVE

**जीत समाचार की खोजी रिपोर्ट**

# लुधियाना नगर निगम
# बिल्डिंग ब्रांच में बड़ा खेल!

## इंस्पेक्टर और एटीपी कैसे खेलते हैं अपने उच्च अधिकारियों के साथ?




### पूरा खेल कुछ यूं होता है

- बिल्डिंग का नक्शा दिया जाता है
- ↓ इंस्पेक्टर और एटीपी मिलकर पास करते हैं
- ↓ उच्च अधिकारियों को गुमराह किया जाता है
- ↓ बिना असली जांच के सब कुछ 'पास'
- ↓ मोटी रकम की सेटिंग, काम तैयार!

### उच्च अधिकारी फ़िल्ड में जाते नहीं, तो उन्हें क्या पता चलेगा?

- फील्ड विजिट नहीं, सिर्फ कागजों में जांच!
- इंस्पेक्टर-एटीपी की मिलीभगत से होता है सब पास!
- नक्शा पास से लेकर बिल्डिंग तैयार तक का पूरा खेल!
- शहर की सुरक्षा से हो रहा है खिलवाड़!




### किसकी जेब में जाता है पैसा?

- इंस्पेक्टर
- एटीपी
- कुछ दलाल
- और ऊपर तक सेटिंग?



### खतरे में है लुधियाना की जनता!

- कमजोर बिल्डिंग
- हादसों का खतरा
- जनता की जान से खिलवाड़
- और जिम्मेदार अधिकारी बेखबर!

**जीत समाचार की नजर टिकी लुधियाना नगर निगम की बिल्डिंग ब्रांच पर!**




### हम जल्द ही सबूत के साथ लुधियाना पब्लिक के सामने लेकर आएंगे पूरा खुलासा!

- असली दस्तावेज
- असली प्रमाण
- असली चेहरें
- असली खुलासा

सच की लड़ाई जारी रहेगी!




**जीत समाचार**
सच की जीत

**भ्रष्टचार के खिलाफ हमारी मुहिम जारी है!**
**सच सामने लाकर रहेंगे!**

आपके पास कोई सूचना है? हमें भेजें
9803025111


दैनिक
जीत समाचार
सही खबर, सटीक खबर
पंजाब सरकार
आपके साथ, आपके लिए
शहरों की सफाई को लेकर
सरकार का सख्त कदम!
सरकार ने एक नया और सख्त प्रबंध लागू कर दिया है।
अब नगर निगमों और नगर कौंसिलों के सीनियर अधिकारियों को सुबह-सुबह अपने दफ्तरों की बजाय मैदान में नजर आना होगा।
सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि शहरों की सफाई सिर्फ फाइलों या रिपोर्टों के आधार पर नहीं, बल्कि ज़मीनी स्तर पर जांची जाएगी।
मुख्य निर्देश
अधिकारियों की फील्ड में अनिवार्य उपस्थिति
सफाई व्यवस्था की जमीनी हकीकत की जांच
लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई
शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाना लक्ष्य
स्वच्छ शहर
स्वस्थ नागरिक
बेहतर पंजाब
दैनिक जीत समाचार | सही खबर, सटीक खबर | हमेशा आपके साथ


बड़ी खुशखबरी
रामगढ़िया समाज के लिए
गर्व का क्षण
रेशम सिंह सग्गू
नियुक्त हुए
रामगढ़िया वेलफेयर बोर्ड
जिला लुधियाना के चेयरमैन
सरकार ने विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू (हल्का आत्म नगर) के राजनीतिक सलाहकार सरदार रेशम सिंह सग्गू को रामगढ़िया समाज के लिए दी गई उनकी उत्कृष्ट सेवाओं, पार्टी के प्रति निष्ठा और दूरदर्शी सोच को देखते हुए रामगढ़िया वेलफेयर बोर्ड, जिला लुधियाना का चेयरमैन नियुक्त किया है।
नियुक्ति से कार्यकर्ताओं और रामगढ़िया बिरादरी में खुशी की लहर
विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू ने कहा
"रेशम सिंह सग्गू मेहनती, लोकप्रिय और सेवा भावना से काम करने वाले नेता हैं। वे लंबे समय से पार्टी की जनहितैषी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उनकी निस्वार्थ सेवाओं को देखते हुए पार्टी ने उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से सम्मानित किया है।"
जीत समाचार की न्यूज
हमारी पहल
आप तक सही खबर
रेशम सिंह सग्गू ने कहा
"पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, उसे मैं पूरी लगन और ईमानदारी से निभाऊंगा तथा पार्टी की प्रगति और मजबूती के लिए दिन-रात एक कर दूंगा। रामगढ़िया समाज और हर वर्ग के हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करता रहूंगा।"
जीत समाचार की न्यूज पर आपकी भरोसेमंद खबरें


जीत समाचार
लुधियाना नगर निगम
ज़ोन बी दफ्तर में
हंगामा!
जीत समाचार
हर खबर सच्ची खबर
कौंसलर ने SE को जड़े थप्पड़!
SE दफ्तर
विकास कार्यों की फाइल पास करने को लेकर हुआ विवाद
बहस बढ़ी और मामला हाथापाई तक पहुंचा
SE प्रवीण सिंगला दफ्तर छोड़कर गए,
मीडिया से बात करने से किया इनकार
जोनल कमिश्नर जोन बी का बयान
"मुझे इस मामले के बारे में अभी पता नहीं। जब तक मामला मेरे सामने नहीं आता, मैं कुछ भी नहीं कह सकता!"
SE
BREAKING NEWS

# जयसिंहपुर के चन्द्रोन में शरारती तत्वों ने इलेक्ट्रिशियन की बाइक फूँकी, रोजी-रोटी का साधन छिनने से परिवार सदमे में

जीत समाचार जयसिंहपुर (रवि कुमार)।
उपमंडल जयसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले अपर ठेहड़ू क्षेत्र के चंद्रोन गांव में शरारती तत्वों द्वारा आगजनी की एक शर्मनाक घटना सामने आई है। बीती रात अज्ञात उपद्रवियों ने सड़क किनारे खड़ी एक मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया।



आजीविका का मुख्य साधन थी बाइक

पीड़ित दीपक कुमार, जो कि चंद्रोन गांव के ही निवासी हैं, पेशे से एक इलेक्ट्रिशियन हैं। दीपक ने बताया कि वह अपनी इसी बाइक के जरिए आसपास के गांवों में जाकर काम करते थे और इसी से उनके परिवार का पालन-पोषण होता था। शरारती तत्वों की इस हरकत ने उनके रोजी-रोटी के एकमात्र साधन को राख में बदल दिया है।

पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलते ही दीपक कुमार ने तुरंत लंबागांव पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भारी रोष है और उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

फिलहाल, पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्धों से पूछताछ करने में जुटी है ताकि घटना के कारणों और शामिल तत्वों का पता लगाया जा सके।

# सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जीत समाचार मंडी(ब्यूरो)।
महिलाओं एवं आमजन को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को डीआरडीए सभागार मंडी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम सदर रूपिंदर कौर ने की।



इस अवसर पर एसडीएम रूपिंदर कौर ने कहा कि ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन एक जीवनरक्षक टीका है, जो महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर तथा पुरुषों एवं महिलाओं में अन्य जननांग कैंसरों और मस्सों से बचाव में प्रभावी है। उन्होंने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अभिभावक-शिक्षक बैठकों के माध्यम से अभिभावकों को 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के टीकाकरण के लिए प्रेरित करने तथा टीकाकरण को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक शर्मा ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, समय पर पहचान और उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित जांच, समय पर उपचार तथा एचपीवी वैक्सीनेशन के माध्यम से इस बीमारी से प्रभावी बचाव संभव है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन लगवाने की आदर्श आयु 9 से 14 वर्ष है, जिसमें दो खुराकें दी जाती हैं। वहीं 15 से 45 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं को, यदि पूर्व में टीकाकरण नहीं हुआ है, तो चिकित्सकीय परामर्श अनुसार तीन खुराकें लेने की सलाह दी जाती है। उन्होंने महिलाओं से नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने तथा किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने तथा बीमारी से जुड़े भ्रमों को दूर करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया तथा समाज में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर उपनिदेशक उच्च शिक्षा यशवीर धीमान, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवनेश, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शेखर कपूर सहित विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## गैस सिलेंडर वितरण सूचना

दिनांक 11/06/2026 को चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा निम्न क्षेत्रों में गैस सिलेंडर वितरण किया जाएगा।
भुलाना चोबू रोड, सिंबल, चोवू हार्टडा, विकासनगर, महाकाल कुशल, शीतला चौक, मढ़ोल, थारा, बंदिया तथा माधौल रोड।
महत्वपूर्ण सूचनाः
कल हमारे कार्यालय या गोदाम से कोई भी सिलेंडर वितरण नहीं किया जाएगा।
यदि आपके कोई सुझाव या शिकायत है, तो कृपया सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक निम्न नंबरों पर संपर्क करें।01894-257444, 01894-257666
धन्यवाद।चढ़ियार गैस सर्विस

# लंबागांव पंचायत समिति में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव टला, कोरम के अभाव में खाली रहे सदन की कुर्सियाँ

जीत समाचार जयसिंहपुर/लंबागांव (अभिषेक)।
पंचायत समिति लंबागांव में बुधवार को होने वाला अध्यक्ष (चेयरमैन) और उपाध्यक्ष (वाइस चेयरमैन) का चुनाव एक बार फिर अधर में लटक गया। सदन में एक भी पंचायत समिति सदस्य के न पहुँचने के कारण चुनाव प्रक्रिया को स्थगित करना पड़ा।

सदन में घंटों इंतजार करते रहे अधिकारी


निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम संजीव ठाकुर कार्यालय के सभागार में चुनाव संपन्न कराने के लिए मौजूद थे। एसडीएम दोपहर एक बजे तक सदस्यों का इंतजार करते रहे, लेकिन न तो कांग्रेस समर्थित और न ही भाजपा समर्थित एक भी सदस्य बैठक में पहुँचा। कोरम पूरा न होने के कारण चुनाव अधिकारी को अंततः बैठक स्थगित करने की घोषणा करनी पड़ी।

सियासी जोड़-तोड़ में व्यस्त रहे दल

सूत्रों के अनुसार, चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए दोनों प्रमुख दलों ने रणनीति अपनाई हुई थी। कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में डेरा डाल रखा था, तो वहीं भाजपा समर्थक सदस्य जयसिंहपुर के एक निजी रेस्टोरेंट में डटे रहे।
राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि किसी भी दल के पास अकेले दम पर बहुमत का जादुई आंकड़ा मौजूद नहीं है। इसी के चलते कोई भी पक्ष जोखिम नहीं लेना चाहता था और अंततः श्वेट एंड वॉचर की स्थिति के कारण कोई भी सदस्य सभागार तक नहीं पहुँचा।

क्या बोले अधिकारी?

चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम संजीव ठाकुर ने बताया कि लंबागांव पंचायत समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए बैठक बुलाई गई थी, लेकिन एक भी सदस्य उपस्थित नहीं हुआ। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोरम पूरा न होने के कारण बैठक को स्थगित कर दिया गया है। अगली बैठक की तिथि की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी।
पंचायत समिति लंबागांव में बुधवार को होने वाला अध्यक्ष (चेयरमैन) और उपाध्यक्ष (वाइस चेयरमैन) का चुनाव एक बार फिर अधर में लटक गया। सदन में एक भी पंचायत समिति सदस्य के न पहुँचने के कारण चुनाव प्रक्रिया को स्थगित करना पड़ा।




दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## न्यायविद ने ठोस कचरा प्रबंधन कार्यक्रम में की शिरकत



जीत समाचार रिकांगपिओ (ब्यूरो)। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण किन्नौर श्री अजय ठाकुर ने आज यहां प्रातः 11:00 बजे वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र रिकांगपिओ में एक दिवसीय ठोस कचरा प्रबंधन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने इस कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, महिला मण्डल, युवक मण्डल, स्वयं सहायता समूहों, न्यायिक परिसर के कर्मचारियों को बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम 2005, कन्या भ्रूण हत्या अधिनियम 1994, निशुल्क कानूनी सहायता की पात्रता व मध्यस्थता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा सीधे संवाद के माध्यम से उपस्थित लोगों के संशय दूर किए। उन्होंने भारतीय संविधान के तहत उपलब्ध समानता का अधिकार, अभिव्यक्ति की आजादी तथा जीवन का अधिकार व मौलिक अधिकारों पर प्रकाश डाला और कानूनी जागरूकता से सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाने की जानकारी दी।

## दिव्यांगजन रियायती दरों पर प्राप्त कर सकते हैं 50 लाख तक का गृह निर्माण ऋणः जिला कल्याण अधिकारी

जीत समाचार धर्मशाला(ब्यूरो)। जिला कल्याण अधिकारी कांगड़ा स्थित धर्मशाला ने जानकारी देते हुए बताया है कि हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित एवं विकास निगम-शिमला द्वारा राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम नई दिल्ली के सहयोग से दिव्यांगजन व्यक्तियों के कल्याण एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से गृह निर्माण एवं खरीद हेतू रियायती दरों पर ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के अंतर्गत 0.50 लाख रूपये तक के ऋण पर 5 प्रतिशत, 0.50 लाख रूपये से 50.00 लाख रूपये तक के ऋण पर 6 प्रतिशत तथा 5.00 लाख रूपये से 50.00 लाख रूपये तक के ऋण पर 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देय होगा। योजना के अन्तर्गत ऋण अदायगी की अधिकतम अवधि 10 वर्ष निर्धारित की गई है जिसे विशेष मामलों में बढ़ाया जा सकता है। इच्छुक आवेदक अधिक जानकारी हेतू जिला कल्याण अधिकारी कांगड़ा स्थित धर्मशाला या सम्बन्धित तहसील कल्याण अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

## पदम पुरस्कारों के लिए 30 जून तक भेजें आवेदन

जीत समाचार हमीरपुर। कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, मेडिकल, सामाजिक कार्यों, विज्ञान, नागरिक सेवा, उद्योग और अन्य क्षेत्रों में सराहनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष दिए जाने वाले पदम पुरस्कारों के क्रम में अगले वर्ष के पदम पुरस्कार-2027 हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार पदम पुरस्कार-2027 के आवेदन संबंधित विभागों की संस्तुतियों सहित 30 जून तक सामान्य प्रशासन विभाग में पहुंच जाने चाहिए।

## 15 जून को करसोग में आयोजित होगी मेगा मॉक ड्रिल




जीत समाचार करसोग (ब्यूरो)। भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों को अधिक प्रभावी एवं समन्वित बनाने के उद्देश्य से 15 जून, 2026 को करसोग में मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में उपमंडलाधिकारी (नागरिक) करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में भूकम्प सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अपनाई जाने वाली राहत एवं बचाव प्रक्रियाओं तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। एसडीएम ने बताया कि मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन राजकीय महाविद्यालय करसोग परिसर में किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों, आपदा प्रबंधन से जुड़े दलों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की सहभागिता रहेगी।

उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, घायलों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा राहत शिविरों के संचालन संबंधी व्यवस्थाओं का अभ्यास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रभावित लोगों के ठहरने, भोजन, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभागों के मध्य समन्वय की भी समीक्षा की गई।

एसडीएम ने सभी संबंधित विभागों को निर्धारित समयावधि में आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने तथा मॉक ड्रिल के सफल आयोजन के लिए आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास आपदा की स्थिति में जन-धन की हानि को कम करने तथा राहत एवं बचाव कार्यों की दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनगणना के कार्य से प्रभावित न हों कार्यालयों एवं संस्थानों के रूटीन कार्य



जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरो)।उपायुक्त एवं जिला हमीरपुर की प्रधान जनगणना अधिकारी गंधर्वा राठौड़ ने जनगणना-2027 के कार्य के लिए प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के रूप में तैनात किए गए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की है कि वे जनगणना से संबंधित फील्ड के कार्यों को छुट्टी के दिन या ऑफिस के टाइम से पहले या इसके बाद करने का प्रयास करें, ताकि कार्यालयों एवं संस्थानों के रूटीन के कार्य प्रभावित न हो सकें।

उपायुक्त ने इस संबंध में जिला के सभी उपमंडलों के एसडीएम, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, शहरी निकायों के अधिकारियों और स्कूल शिक्षा उपनिदेशक को निर्देश देते हुए कहा कि दुर्गम क्षेत्रों एवं विपरीत परिस्थितियों में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को कार्यालय समय के दौरान भी फील्ड में जाने के लिए विशेष रूप से अनुमति दी जा सकती है, लेकिन ऐसे मामलों में दैनिक प्रगति की सीएमएमएस पोर्टल पर निगरानी होनी चाहिए।

उपायुक्त ने कहा कि जनगणना-2027 का कार्य अपने आप में एक बहुत ही महत्वपूर्ण एक्सरसाइज है और इस कार्य के लिए नियुक्त किए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। इसलिए, सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निर्धारित अवधि के भीतर पूरा करें और फील्ड के कार्यों के लिए इस तरह की व्यवस्था बनाएं कि अपने कार्यालय एवं संस्थान के रूटीन के कार्य भी प्रभावित न हों।

उपायुक्त ने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में पूरा किया जाना है। पहले चरण में इस वर्ष 16 जून से 15 जुलाई तक प्रगणक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण एवं मकान गणना करेंगे। इसके बाद अगले वर्ष वास्तविक जनगणना की जाएगी। इस कार्य में लगाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण पर भी पाबंदी रहेगी।

